**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University launched e-Bin to collect e-waste in the City

TIT Correspondent
info@impressivetimes.com



FARIDABAD : To create awareness and enhance the knowledge of e-waste and its management among the students, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in association with Rotary Club Sanskriti Faridabad, today launched e-bins for a systematic collection mechanism for e-waste. The University today organized an event titled "Techshaala" under the theme "Smart Engineering for a Better World" to mark the celebration of Engineer's Day. During the Program, Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar and Additional Deputy Commissioner, Faridabad, Smt. Aparajita, who was the chief guest of the program, launched e-bins to be installed at identified places in the city of Faridabad for e-waste collection. The Chairman of Veegee Group, Sh. Navin Sood was present as guest of honour. Sh. Sandeep Singhal and other members of the Rotary Club were present on this occasion. The e-waste collected from different places will be made available to the school students for reuse, recycling, and experimental work under the Commercial Skill Development Program being conducted by the University which aims to impart commercial skills to school students. Also, the waste will be given to Deshwal Group of Industries Green certificate holder for e-waste management system Speaking on this occasion, the Vice-Chancellor Prof. Tomar appreciated the initiative taken by the Department of Electronics Engineering and emphasized the importance of a systematic e-waste collection mechanism, and said that there is a need to impart proper training for the disposal or recycling of e-waste. The Vice-Chancellor said that the University may also introduce a course on e-Waste Management

> **UNDER THE THEME OF THE "TECHSHAALA" EVENT, THE UNIVERSITY ALSO ORGANIZED VARIOUS COMPETITIONS FOR STUDENTS TO PRESENT THEIR IDEAS AND RESEARCH WORK THROUGH PROJECT AND PAPER PRESENTATIONS IN CRUCIAL SECTORS OF AGRICULTURE, HEALTHCARE..**

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस में पूर्व छात्रों का 50 साल बाद हुआ पुनर्मिलन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, में 1974 बैच के पूर्व छात्रों का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। तत्कालीन वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान से उत्तीर्ण 1970-1974 बैच के लगभग 50 पूर्व छात्रों ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के साथ 50 साल के शानदार संबंधों के पूरा होने का जश्न मनाया।

उल्लेखनीय है कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय वर्ष 1969 में एक डिप्लोमा इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में शुरू हुआ था। 1974 में डिप्लोमा इंजीनियर्स का दूसरा बैच संस्थान से उत्तीर्ण हुआ था। इंजीनियर दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं कॉर्पोरेट मामले प्रकोष्ठ द्वारा स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर और एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने की। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो तोमर से भी मुलाकात की तथा विवि में चल रहे कार्यक्रमों, सुविधाओं तथा भावी योजनाओं की जानकारी ली। भूतपूर्व विद्यार्थियों में कई जाने माने उद्यमी तथा कारपोरेट जगत के बड़े पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने कुलपति के साथ अपने अनुभव साझे किये तथा विश्वविद्यालय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# DAINIK JAGRAN

# खराब टीवी, एलईडी और अन्य ई-कचरा अब डालें ई-बिन में

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी ई-कचरा संग्रह प्रणाली करेगा विकसित

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : लोगों को अब अपने खराब टीवी, एलईडी, डीवीडी, सीडी प्लेयर, वाशिंग मशीन, कंप्यूटर व उसके उपकरणों को इधर-उधर नहीं फेंकने पड़ेंगे। जेसी बोस विश्वविद्यालय ने रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से ई-बिन लांच किया। यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग करेगा।

पर्यावरण संरक्षण




जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो .सुशील कुमार तोमर तथा अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ई-बिन का शुभारंभ करते हुए। साथ में हैं यूनिवर्सिटी का स्टाफ • सौ.यूनिवर्सिटी

विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग विषय के तहत टेकशाला नामक कार्यक्रम का हुआ। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में वीजी ग्रुप के चेयरमैन नवीन सूद विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में रोटेरियन संदीप सिंघल सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

**छात्रों को प्रदान किया जाएगा व्यवसायिक कौशल:** शहर के विभिन्न स्थानों से एकत्र किए गए ई-कचरे को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों को पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और प्रायोगिक कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा, ई-कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए ग्रीन सर्टिफिकेट होल्डर देशवाल ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज को भी ई-कचरा दिया जाएगा।

**प्रमुख लोगों की होगी जिम्मेदारी तय:** रोटेरियन संदीप सिंघल ने बताया कि ई-बिन शहर के 11 जगहों पर इंस्टाल किए जाएंगे। लोग यहां पर खराब मोबाइल सहित अन्य उपकरण डाल सकेंगे। उपकरण डालने के बाद संबंधित व्यक्ति सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ई-बिन को किसी भी तरह का कोई नुकसान न हो, इसके लिए संबंधित क्षेत्र के गणमान्य व जिम्मेदार व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

**कुलपति ने की सराहना:** कुलपति प्रो. एसके तोमर ने इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने ई-कचरे के लिए एक व्यवस्थित ई-कचरा संग्रह प्रणाली के महत्व पर बल दिया। ई-कचरे के निपटान के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस ई-कचरा संग्रह एवं प्रबंधन को लगायेगा ई-बिन

## रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से शुरू की मुहिम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** में ई-कचरे और इसके प्रबंधन को लेकर ज्ञानवर्धन के लिए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से आज ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के लिए ई-बिन लॉन्च किया।

विवि ने इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में 'बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग' विषय के तहत टेकशाला नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए फरीदाबाद शहर में चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वीजी ग्रुप के चेयरमैन नवीन सूद विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर संदीप सिंघल सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। विभिन्न स्थानों से एकत्र किए गए ई-कचरे को विवि द्वारा संचालित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों को पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और प्रायोगिक कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा, ई-कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए ग्रीन सर्टिफिकेट होल्डर देशवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज को भी ई-कचरा दिया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने ई-कचरे के लिए एक व्यवस्थित ई-कचरा संग्रह प्रणाली के महत्व पर बल दिया, और कहा कि ई-कचरे के निपटान के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ई-कचरा प्रबंधन पर पाठ्यक्रम भी शुरू कर सकता है। इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप डिमरी ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि चावला, सुश्री संगीता ढल और डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने किया।

टेकशाला कार्यक्रम अंतर्गत विवि द्वारा छात्रों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने कृषि, स्वास्थ्य देखभाल और उभरती प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रौद्योगिकियों पर आधारित अभिनव विचार एवं शोध कार्य प्रोजेक्ट और शोध पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में शिरडी साई बाबा स्कूल, फरीदाबाद के छात्रों ने भी भाग लिया।



जेसीबोस विश्व विद्यालय में ई-बिन का शुभारंभ करती एडीसी अपराजित और प्रो.एस के तोमर।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विवि ई-कचरा संग्रह एवं प्रबंधन के लिए लगाएगा ई-बिन

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों में ई-कचरे और इसके प्रबंधन को लेकर ज्ञानवर्धन के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से आज ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के लिए ई-बिन लॉन्च किया। विश्वविद्यालय ने गुरुवार को इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में ह्यबेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग विषय के तहत टेकशाला नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए फरीदाबाद शहर में चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वीजी ग्रुप के चेयरमैन श्री नवीन सूद विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर श्री संदीप सिंघल सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विश्वविद्यालय आज मनाएगा 54वां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद 16 सितंबर, 2022 को अपना 54वां स्थापना दिवस मनाएगा और छात्रों, कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित करेगा। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि जाने-माने शिक्षाविद् और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. केएल जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में 25 साल की सेवा पूरी करने वाले स्टाफ सदस्यों को विश्वविद्यालय सम्मानित किया जायेगा। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्रों तथा विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग स्थापना दिवस पर अपने न्यूजलेटर ह्यसंचारह्व का एक विशेष संस्करण निकाल रहा है, जो कार्यक्रम के दौरान जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जे.सी. विश्वविद्यालय जोकि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था, को पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट संस्थान के रूप में जाना जाता था। इस इंजीनियरिंग संस्थान को वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया था।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# शहर में ई-कचरा संग्रह एवं प्रबंधन के लिए लगेंगे ई-बिन

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने रोटरी क्लब संस्कृति के सहयोग से शुरु की मुहिम

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 15 सितम्बर। विद्यार्थियों में ई-कचरे और इसके प्रबंधन को लेकर ज्ञानवर्धन के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से आज ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के लिए ई-बिन लॉन्च किया। विश्वविद्यालय ने आज इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में 'बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग' विषय के तहत टेकशाला नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद श्रीमती अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए फरीदाबाद शहर में चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वीजी ग्रुप के चेयरमैन नवीन सूद विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर संदीप सिंघल सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

विभिन्न स्थानों से एकत्र किए गए ई-कचरे को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों को पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और प्रायोगिक कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा, ई-कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए ग्रीन सर्टिफिकेट होल्डर देशवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज को भी ई-कचरा दिया जाएगा।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने ई-कचरे के लिए एक व्यवस्थित ई-कचरा संग्रह प्रणाली के महत्व पर बल दिया, और कहा कि ई-कचरे के निपटान के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ई-कचरा प्रबंधन पर पाठ्यक्रम भी शुरू कर सकता है।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# AMAR UJALA

## वाईएमसीए के पूर्व छात्रों ने मनाई स्वर्ण जयंती

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को 1974 बैच के पूर्व छात्रों ने स्वर्ण जयंती पुर्नमिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें 1970-1974 तक के करीब 50 पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया।

मालूम हो कि 1969 में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के माध्यम से इसकी शुरुआत हुई थी। डिप्लोमा अभियंता का दूसरा बैच 1974 में उत्तीर्ण हुआ था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर और एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. विक्रम सिंह, डॉ. संजीव गोयल, प्रो. एमएल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संवाद

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# HINDUSTAN

## ई-कचरा प्रबंधन के लिए ई-बिन लगेगा

फरीदाबाद। विद्यार्थियों में ई-कचरे और इसके प्रबंधन को लेकर जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से गुरुवार को ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के लिए ई-बिन लॉन्च किया गया।

विश्वविद्यालय ने गुरुवार को इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग विषय के तहत टेकशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए फरीदाबाद शहर में चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# HINDUSTAN

## जेसी बोस विश्वविद्यालय स्थापना दिवस आज

फरीदाबाद। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद 16 सितंबर, 2022 को अपना 54वां स्थापना दिवस मनाएगा और छात्रों, कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित करेगा। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बी.के. कुठियाला समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

**NEWS CLIPPING:16.09.2022**

# PIONEER

## 54वां स्थापना दिवस आज

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, का अपना 54वां स्थापना दिवस मनाएगा। छात्रों, कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित करेगा। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला विवि के विवेकानंद सभागार में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जबकि जाने-माने शिक्षाविद् और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. केएल जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है।